## हत्या के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी थाना इलाके में एक महीने पहले हुई एक बैंककर्मी की हत्या के एक मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अमन के रूप में हुई है। डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इसे टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाकर गिरफ्तार किया है। मंगोलपुरी इलाके में रहने वाले प्राइवेट बैंक के कर्मचारी की 21 फ़रवरी को हत्या की गई थी। उस मामले में मंगोलपुरी थाना में एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। हत्या की यह वारदात यारा दा अड्डा रेस्टोरेंट बार में देर रात हुई थी। जब वहां पर बर्थडे पार्टी का जश्न हो रहा था। जिस युवक की हत्या हुई थी। उसकी पहचान जतिन शर्मा के रूप में हुई थी। वह बुध विहार का रहने वाला था। उस मामले में जतिन के दो दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। हत्या के उस मामले में पुलिस को अमन की तलाश थी और आखिरकार इसे क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया। यह पहले पहाड़गंज के एक बार में काम करता था।उसके बाद वह इसी बार में बाउंसर के रूप में काम करने लगा।

## गुजराती गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कोतवाली थाना के लाल किला चौकी की पुलिस टीम ने गुजराती गैंग का पर्दाफाश किया है। एक महिला सहित गैंग के तीन सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पूजा, रोहित और अक्षय के रूप में हुई है। इनके पास से 2 लाख कैश, छह मोबाइल, गोल्ड ज्वेलरी काटने वाला कटर भी बरामद किया गया है। डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि यह गैंग भोले भाले कारोबारी या कलेक्शन एजेंट को निशाना बनाते थे। जो एक जगह से दूसरी जगह कैश ले जाते थे। यह पीड़ित की तलाश करके फिर मोटी रकम चुरा लेते थे। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली साथ ही 150 सौ से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। तब जाकर इनके बारे में पुलिस को पता चला।

छह मार्च को एक शिकायत पुलिस को मिली थी। जिसमें एक शख्स ने बताया कि वह चांदनी चौक काम से आया था। यहां पर पांच लाख उसने कैश रिसीव किया। वह रुपये लेकर ई रिक्शा से जाने लगा तो उसी दौरान सुरक्षा पर तीन महिलाएं और एक व्यक्ति मौजूद था। रास्ते में मौका देखकर उन लोगों ने बैग से रुपये चोरी कर लिए। पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। सीसीटीवी से पता चला जिस ई रिक्शा में वारदात हुई, उस पर नंबर प्लेट नहीं थी। पुलिस टीम ने ई रिक्शा के ड्राइवर का फोटो सीसीटीवी से निकाला और उसे पुलिस के रिकॉर्ड से मिलान किया तो ड्राइवर की पहचान श्याम के रूप में हो गई। जो पश्चिम विहार में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके साथी की पहचान भी सीसीटीवी फुटेज से की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एक-एक करके तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया।

## कोई झगड़ा 'विराट' या 'गंभीर' नहीं, दिल्ली पुलिस का पोस्ट वायरल

**नई दिल्ली।** आईपीएल मैच के बीच विराट कोहली और गौतम गंभीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए हैं। आईपीएल 2024 के आरसीबी और केकेआर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें विराट कोहली और गौतम गंभीर पुराने विवादों को भुलाकर एकदूसरे से गले मिलते नजर आए। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने एक पोस्ट साझा किया। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

**दिल्ली पुलिस ने साझा किया पोस्ट**

दिल्ली पुलिस ने अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में लोगों को जागरूक करने के लिए गौतम गंभीर और विराट कोहली के गले मिलने वाली तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ लिखा कि कोई भी झगड़ा विराट या गंभीर नहीं। झगड़ा हुआ तो डायल 112। किसी भी परेशानी में मदद के लिए 112 है तैयार। पुलिस के इस पोस्ट को जमकर साझा किया जा रहा है। तो वहीं पोस्ट को खूब लाइक मिल रहे हैं।

## 100 मिनट के अंदर मिलेगी कार्रवाई की सूचना

**गाजियाबाद।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन या चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत करने, उसके निस्तारण के लिए सी-विजिल एप बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस एप पर आम जनता आचार-संहिता के उल्लंघन या चुनाव संबंधि शिकायतों को अपलोड कर सकता है। शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट के अंदर ही शिकायत का निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित किया जायेगा। निस्तारण के बाद विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर अपने आप उपलब्ध हो जाएगी। सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप पर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप पर साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, ऑडियो ही अपलोड किया जा सकता है।

**एप पर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है।**

# ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में एक विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में शिकायत दर्ज करायी थी।

आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी को नामजद किया गया है जो क्रमशत्र डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए एक ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आम आदमी पार्टी (आप) को




कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। एजेंसी ने इस मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी समन भेजा था लेकिन वह उसके समक्ष पेश नहीं हुए थे। ईडी ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक अन्य मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। उसने फरवरी की जांच के सिलसिले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार, 'आप' के राज्यसभा सदस्य तथा कोषाध्यक्ष एन डी गुप्ता, पूर्व डीजेबी सदस्य शलभ कुमार, चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज मंगल और कुछ अन्य के परिसरों की तलाशी ली थी। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें तकनीकी पात्रता मानदंड पूरे नहीं करने पर भी डीजेबी की ओर से एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी को दिए गए 38 करोड़ रुपये के ठेके में अनियमितताओं का आरोप है। इस मामले में ईडी ने 31 जनवरी को अरोड़ा और अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने दावा किया कि एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 'जाली' दस्तावेज जमा कर ठेका हासिल किया और अरोड़ा को इस तथ्य की जानकारी थी कि कंपनी तकनीकी पात्रता पूरी नहीं करती है।

## हरदीप पुरी का केजरीवाल की पत्नी पर तंज, राबड़ी देवी से की तुलना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी की तुलना बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से की। पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल संभवतः अपने पति की जगह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर सुनीता केजरीवाल का जिक्र आने पर संवाददाताओं से कहा, ''आप जिन मैडम की बात कर रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं।'

इससे पहले सुनीता केजरीवाल ने आज एक वॉट्सऐप अभियान शुरू किया और लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। केजरीवाल को ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और एक अदालत ने ईडी




की उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी। सुनीता केजरीवाल ने एक डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में 'सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों' को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से अपने आशीर्वाद और प्रार्थनाओं के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने को कहा है।

## दिल्ली शराब घोटाले में ED ने मंत्री कैलाश गहलोत को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की अब रद्द हो चुकी आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गहलोत (49) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। सूत्रों ने कहा कि गहलोत को मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से



जुड़ा है। दिल्ली सरकार की विवादित आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। इस मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को ईडी ने पहले गिरफ्तार किया था और वे न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और बृहस्पतिवार को एक अदालत ने ईडी की उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी।

## राहुल, खरगे, पवार, अखिलेश समेत 'इंडिया' गठबंधन के कई नेता ईडी की रैली में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के कई नेता यहां रामलीला मैदान में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा आयोजित की जाने वाली 'महारैली' में शामिल होंगे।

'आप' के वरिष्ठ नेता नेता गोपाल राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में रविवार को रामलीला मैदान में 20,000 से अधिक लोगों की मौजूदगी वाली रैली आयोजित करने के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है। राय का कहना था कि




अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल 'महारैली' को संबोधित करेंगी या नहीं, इस पर फैसला बाद में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन, द्रमुक नेता तिरूचि शिवा, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी रैली में शामिल होंगे। आप नेता ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली में शामिल होंगी। सोरेन फिलहाल जेल में हैं।

# VHP ने बलूचिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों के लिए CAA सहायता केंद्र शुरु किया

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बलूचिस्तान से आए हिंदू विस्थापित शरणार्थियों के लिए दिल्ली खानपुर के झूलेलाल मंदिर में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) सहायता केंद्र को शुरु किया।विहिप के प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सीएए कानून आने के बाद हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता दिलाने में मदद के लिए विहिप की ओर से देशभर में सीएए सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं। उसी कड़ी में दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में विहिप ने सहायता केंद्रों की शुरुआत की है।

उन्होंने कहा कि सहायता केंद्र में बताया जाएगा कि हिंदू शरणार्थियों की नागरिकता के आवेदन के लिए कौन-कौन से दस्तावेज की जरूरत है, सारे दस्तावेज होंगे तो उनका ऑनलाइन आवेदन करेंगे। अगर दस्तावेज नहीं बने हैं तो कैसे बनेंगे, कहां जाना है, क्या करना है, सबकुछ बताया जाएगा। ये सारी सहायता निशुल्क होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली




में अब तक तीन केंद्र खोले जा चुके हैं जिनमे खानपुर के अलावा आदर्श नगर और मजनूं का टीला क्षेत्र में पहले ही ऐसे सहायता केंद्र चल रहे हैं। जल्द ही रोहिणी सेक्टर 11 और झंडेवालान में भी सीएए सहायता केंद्र खोले जाएंगे। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में करीब 30 हजार शरणार्थी नागरिकता के लिए आवेदन आ सकते हैं। इनमें पाकिस्तान से आने वाले हिंदू, बलूचिस्तान से आने वाले बलूची और अफगानिस्तान से आने वाले सिख शरणार्थी शामिल हैं। हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता मिल सके, इसलिए सहायता केंद्र में हर संभव मदद की जाएगी। उद्घाटन के अवसर पर विहिप दिल्ली प्रांत के संरक्षक नंदकिशोर शर्मा, विभाग मंत्री बिजेंद्र तंवर, प्रांत सह सेवा प्रमुख अनिल भारद्वाज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार को ईंट पर खड़ा कर पहिये ले गए चोर

**मुरादनगर।** शहजादपुर गांव में घर के बाहर खड़ी कार के पहिये चोरों ने चोरी कर लिये। कार को ईंटों पर खड़ा कर फरार हो गये। पुलिस से पीड़ित ने गुहार लगाई है। शहजादपुर गांव निवासी विशाल त्यागी ने बताया कि उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी, सुबह उठे देखा कार ईंटों पर खड़ी थी और चारों पहिये गायब हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसाः कैंटर की टक्कर लगने से कार ट्रक में घुसी, एक की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब छह बजे अर्टिका कार ट्रक में पीछे से घुस गई।



हादसे में कार सवार एक की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल बताए जा रहे हैं। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला कि कार सवार मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पहुंचे तो पीछे से तेज रफ़्तार में आ रहे कैंटर ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। उसके बाद कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। पुलिस का कहना है कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों से हादसे के बारे में जानकारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मां आनंदमयी मार्ग को महरौली-बदरपुर रोड तक जाम से मिलेगी मुक्ति

**नई दिल्ली।** मां आनंदमयी मार्ग को महरौली-बदरपुर रोड तक ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने की कवायद शुरू की गई है। यह परियोजना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता सूची में आ गई है। लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ए. अंबरासु की अध्यक्षता में हाल में हुई यूटीपेक (यूनाइटेड ट्रैफिक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग एंड इंजीनियरिंग सेंटर) वर्किंग ग्रुप की बैठक में साइट पर संबंधित एजेंसियों को संयुक्त निरीक्षण करने और 30 दिनों के ट्रायल रन के जरिए ठोस प्रस्ताव देने के निर्देश दिए गए हैं।

इस परियोजना के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से नियुक्त कंसल्टेंट ने तीन विकल्प दिए हैं। पहले विकल्प में गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन से तुगलकाबाद आईसीडी तक 6 लेन का 4 किमी लंबा ऐलिवेटेड कॉरिडोर



बनाने की बात की गई है। दूसरे विकल्प में गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन से एनबीसीसी सेंटर तक 6 लेन का 1.8 किमी लंबा ऐलिवेटेड कॉरिडोर का प्रस्ताव दिया गया है। जबकि तीसरे विकल्प में क्राउन प्लाजा चौराहे पर 6 लेन का 0.75 किमी लंबा ऐलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की बात की गई है। सूत्र बताते हैं कि पीडब्ल्यूडी व ट्रैफिक पुलिस ने पहले विकल्प को अपनाने पर जोर दिया है। उनका कहना है कि 4 किमी लंबा ऐलिवेटेड कॉरिडोर 8 लालबत्तियों को क्रॉस करेगा। जिससे मां आनंदमयी मार्ग पर 4 किलोमीटर लंबा स्ट्रेच सिग्नल फ्री हो जाएगा। कॉरिडोर पर लोगों को कई जगह आने-जाने की सुविधा दी जाएगी। यह योजना करीब तीन साल पुरानी है और ठंडे बस्ते में थी। लेकिन लोगों की परेशानी को देखते हुए इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

मां आनंदमयी मार्ग बाहरी रिंग रोड पर कालकाजी मंदिर के पास से शुरू होता है और लालकुआं के पास महरौली-बदरपुर रोड में मिलता है। दक्षिणी दिल्ली के लोगों के लिए यह महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग के यातायात को सुगम बनाने के लिए एकीकृत ट्रांजिट कारिडोर विकास और स्ट्रीट कनेक्टिविटी की योजना बनाई गई है। पीडब्ल्यूडी ने एक सर्वे में पाया है कि भीड़भाड़ वाली इस सड़क पर खराब डिजाइन, मार्ग पर ज्यादा लालबत्तियां और पैदल चलने वालों के लिए क्रॉसिंग की कमी के कारण लोगों को परेशानी होती है। पीडब्ल्यूडी के अनुसार इससे ओखला, गोविंदपुरी, कालकाजी एक्सटेंशन, तुगलकाबाद की ओर आने-जाने वालों के लिए यातायात जाम के बोझ को कम करने में मदद मिलेगी। यह नोएडा, बदरपुर, आईजीआई हवाई अड्डे के साथ सुगम संपर्क भी सुनिश्चित करेगा।

इस मार्ग पर संगम विहार, तारा पार्टमेंट, गोविंदपुरी गली नंबर 13 व क्राउन प्लाजा आदि पर बड़ी लालबत्तियां हैं। लालबत्तियों पर अव्यवस्था से भी भयंकर जाम लगता है। इस मार्ग पर प्रतिबंध के बाद भी ई-रिक्शा की भरमार है। इलाके के लोग परेशान हैं। संगम विहार तक के लोग कालकाजी की ओर आने के लिए इस मार्ग का उपयोग करते हैं। प्रतिदिन लाखों लोग इस मार्ग का उपयोग करते हैं। सरकार मान रही है कि इस मार्ग को एलिवेटेड कॉरिडोर में बदलकर लोगों को जाम से मुक्ति दिलाई जा सकती है। अतिक्रमण व अवैध हॉकरों को हटाया जाएगा।

## ED, CBI के 'राजनीतिकरण' से समूचा देश शर्मिंदा है; जनता चुनाव में जवाब देगी : AAP

**नई दिल्ली।**आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिकरण को लेकर समूचा देश शर्मिंदा है और आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

आप प्रवक्ता जैस्मीन शाह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में 'सबसे बड़ी राजनीतिक वाशिंग मशीन' विकसित की है, जिसमें भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे व्यापारियों और राजनेताओं को 'डालकर' उनसे 'चुनावी चंदा' हासिल किया जाता है और उनके सारे आरोप धूल जाते हैं। आप नेता के आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

शाह ने कहा कि कई मामलों का सामना कर रहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी



(अजित पवार गुट) के नेता प्रफुल्ल पटेल को सीबीआई से क्लीनचिट मिल गई है। उन्होंने दावा किया, ''जिस मामले में उन्हें (पटेल को) क्लीनचिट दी गई है, उसमें उनके नागरिक उड्डयन मंत्री रहने के दौरान इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया का विलय का मामला शामिल था।

सीबीआई के आरोप-पत्र और सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें एक बड़ा घोटाला शामिल था और इस मामले में सरकारी खजाने को 840 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।' शाह ने कहा कि पटेल को एक के बाद एक समन भेजे गए और जुलाई 2023 में अजित पवार गुट के महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) गठबंधन में शामिल होने तक उनकी संपत्तियां कुर्क की गईं।

उन्होंने कहा, ''(उसके बाद) समन और संपत्तियों की कुर्की रोक दी गई और कोई आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया तथा पूरी जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई है।' शाह ने दावा किया कि इसी तरह एक अन्य राजनेता छगन भुजबल से जुड़े मामले में ईडी ने उनकी जमानत याचिका का यह कहते हुए विरोध नहीं किया कि संबंधित फाइल गायब है।

उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर, दो वर्षों तक ईडी और सीबीआई द्वारा जांच की जा रही कथित आबकारी नीति मामले में कोई 'ठोस सबूत या एक पैसे की भी गड़बड़ी' के प्रमाण नहीं मिल पाने के बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के चार शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। शाह ने कहा, ''जिस तरह से ईडी और सीबीआई का राजनीतिकरण किया गया है, उसे पूरा देश देख रहा है और शर्मिंदा है। लोग आने वाले चुनावों में इसका जवाब देंगे।

## एक ही नंबर प्लेट की दो कारें देखकर हुए हैरान, जांच शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र की निराला एस्टेट सोसाइटी निवासी व्यक्ति की कार किसी अन्य सोसाइटी में खड़ी होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही वह हैरान रह गया। उसकी कार निराला सोसाइटी में खड़ी थी। उन्होंने खबर देने वाले से कार की फोटो मांगी। दूसरी सोसाइटी में खड़ी कार का मॉडल और नंबर हूबहू था। उसने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने दूसरी कार को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्रेनो वेस्ट की निराला एस्टेट सोसाइटी निवासी सौरव वर्मा ने पुलिस को बताया है कि उनके पास टाटा नेक्सन कार है। इसका नंबर यूपी-16 डीवाई-4318 है। शुक्रवार को सौरव के परिचित फोन कर देविका गोल्ड सोसाइटी में उसकी कार खड़ी होने की जानकारी दी। जबकि उस समय उनकी कार उनकी सोसाइटी में ही खड़ी थी। फोन करने वाले ने उन्हें कार की तस्वीर भेजी। जिसे देखकर वह हैरान रह गए। दूसरी कार का मॉडल, रंग और नंबर बिलकुल उनकी कार जैसा था। हालांकि उसपर पीछे की ओर भारत सरकार लिखा था।

# महारैली को लेकर आप का डोर टू डोर कैंपेन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने 31 मार्च को होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली को लेकर करोल बाग के रेगरपुरा में डोर टू डोर कैंपेन कर लोगों को निमंत्रण पत्र बांटे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री को जिस दिन से केंद्र की भाजपा सरकार ने गिरफ्तार कराया है, उस दिन से लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों में इस



बात को लेकर भारी गुस्सा है कि आखिर एक चुने हुए मुख्यमंत्री को क्यों गिरफ्तार किया गया? उन्होंने कहा कि एक तरफ सारे भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल हो रहे हैं और दूसरी तरफ ईमानदारी से दिल्ली के लिए काम करने वाले मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया। गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में इस बात का खुलासा किया था कि जिस सरकारी गवाह के आरोपों के आधार पर उनको जेल में डाला गया है, उसी से भाजपा ने 60 करोड़ रुपये लेकर उसको जमानत दे दिया। इसलिए आज लोगों में तीखा आक्रोश है और इस तानाशाही के खिलाफ पूरी दिल्ली 31 मार्च को सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में इकट्ठा होने जा रही है। इस महारैली में शामिल होने के लिए आज हम घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांट रहे हैं और लोगों से निवेदन कर रहे हैं कि रामलीला मैदान में आएं और शांतिपूर्वक तरीके से लोकतांत्रिक व तानाशाही के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें।